# University in News on 16 February 2020

## Hindustan Live Page 2

**लखनऊ विश्वविद्यालय**

# बादशाह बाग की रौनक एक बार फिर लौटी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का बादशाह बाग 1814 में बादशाह गाजीउद्दीन हैदर का महल हुआ करता था। यहां कई बाग थे। उन बागों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए बादशाह बाग नहर बनवाई गई। तीन साल के सूखी पड़ी इस नहर की रौनक एक बार फिर लौट आई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस नहर में पानी भरना शुरू कर दिया है। शनिवार को इसमें पानी आने के बाद यहां रौनक बढ़ गई। छात्रों ने बैठना शुरू कर दिया। विश्वविद्यालय के कार्य अधीक्षक प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि जल्द ही इसके फुव्वारे भी शुरू हो जाएंगी। उधर, इतिहासकार योगेश प्रवीण ने बताया कि एक जमाने में यह नहर बादशाहबाद की रौनक हुआ करती थी। नवाबों ने अपने महल की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इसे बनाया था।



बादशाह बाग की तीन साल से सूखी पड़ी इस नहर में विश्वविद्यालय प्रशासन ने पानी भरना शुरू कर दिया है • हिन्दुस्तान

## NBT Page 8

# दो साल का ही होगा बीएड, नई शिक्षा नीति से भ्रमित न हों अभ्यर्थी

**लखनऊ विश्वविद्यालय**

- **लविवि के बीएड हेल्पलाइन नंबर पर रोजाना पूछताछ कर रहे अभ्यर्थी**

**6** मार्च तक बीएड के लिए आवेदन

**11** मार्च लेट फीस के साथ फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख

**8** अप्रैल प्रवेश परीक्षा (संभावित)

**11** अप्रैल परिणाम (संभावित)

**1** जून काउंसिलिंग

**1** जुलाई से नया सत्र

■ **एनबीटी, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) वर्ष 2020 के लिए बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाने जा रहा है। करीब दो लाख बीएड की सीटों के लिए अब तक करीब 25 हजार रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। लेकिन न्यू एजुकेशन पॉलिसी को लेकर अभ्यर्थी भ्रमित भी हो रहे हैं। इसपर बीएड परीक्षा की संयोजक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि नई पॉलिसी का ड्राफ्ट नहीं बन पाया है, ऐसे में इस बार भी बीएड दो वर्ष का ही होगा।

प्रो. अमिता ने बताया कि न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत बीएड इस बार एक साल का होने जा रहा था जो किसी कारणवश नहीं हो पाया। ऐसे में छात्र बेहद कंफ्यूज हैं और वे बार-बार हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके बीएड के सेमेस्टर के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। अधिकतर छात्रों के फोन आ रहे हैं कि यदि वे पीजी कर रहे हैं तो क्या उन्हें केवल एक साल का बीएड कोर्स क र न ा होगा या दो साल का। वहीं, ग्रेजुएशन के छात्रों का भी यही हाल है वे भी उनसे ए क साल या दो साल के कोर्स का सवाल कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि उम्मीद है कि अगले साल एजुकेशन पॉलिसी लागू होने के बाद बीएड कोर्स एक वर्ष का हो जाएगा। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन 12 फरवरी से शुरू हुए थे। अब तक करीब 1,200 फॉर्म भरे जा चुके हैं।



**15 शहरों में होगी परीक्षा :** लविवि छठी बार बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाने जा रहा है। 15 शहरों में दो पालियों में यह परीक्षा होगी, जिसमें दो पेपर होंगे। सभी केंद्रों में वाईफाई युक्त सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे ताकि मोबाइल पर भी लाइव फुटेज देखी जा सके। पिछली बार ये परीक्षा रूहेलखंड यूनिवर्सिटी ने करवाई थी।

## परीक्षाओं की निगरानी करेंगे एडीएम प्रशासन

**यूपी बोर्ड**

■ **एनबीटी संवाददाता, लखनऊ :** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण व बेहतर ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। डीएम अभिषेक प्रकाश ने परीक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के लिए एडीएम प्रशासन आरपी सिंह को नोडल अधिकारी बनाया है। परीक्षा केंद्रों व छात्रों की दिक्कतों के निस्तारण के लिए पार्क रोड स्थित शिक्षा निदेशालय में एक प्रकोष्ठ गठित किया गया है। जहां से परीक्षा की तैयारियों व अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा। डीएम ने बताया कि बोर्ड परीक्षा पूरी तरह से नकल विहीन होगी। स्कूलों के निरीक्षण के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ ही नगर निगम के अफसरों को भी लगाया गया है।